तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 30 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4

राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रहा दिल्ली के खिलाड़ियों का दबदबा



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि आज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को मौन दिवस के रूप में मनाया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशी, जोन, वार्ड एवं बुथ कमेटी के सदस्यों सहित कांग्रेस संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठ, विभाग आदि के पदाधिकारियों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम कल

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत एमएसएमई रायपुर द्वारा 31 की दोपहर 12.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक 18 प्रकार के शिल्पकारों एवं कारीगरों को लाभान्वित किया जाना है। इस हेतु कलेक्टर ने संबंधित शिल्पकारों/कारीगरों तथा संबंधित संघों के पदाधिकारियों/ प्रतिनिधियों को योजना से संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ जिला स्तरीय कार्यशाला में निर्धारित स्थान पर समय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिए हैं। साथ ही कलेक्टर ने नगर पालिक निगम द्वारा सौ प्रतिभागी, समस्त जनपद पंचायत एवं नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायतों से 5-5 प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु भी निर्देशित किया है।

### भू-विस्थापितों के मुद्दों के निराकरण के लिए समिति गठित

**कोरबा।** एनटीपीसी भू-विस्थापितों की समस्याओं का निराकरण करने कलेक्ट्रेट में एनटीपीसी प्रबंधन और जिला प्रशासन के मध्य बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर दिनेश नाग ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में एनटीपीसी कोरबा के भू-विस्थापितों के रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा एवं विभिन्न समस्याओं के मुद्दों पर परीक्षण उपरांत निराकरण के लिए समिति का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष अपर कलेक्टर दिनेश नाग एवं सदस्य अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा सुश्री रिचा सिंह, तहसीलदार दर्री श्रीमती जानकी काटले एवं अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन प्रमुख एनटीपीसी कोरबा बनाए गए हैं। समिति द्वारा एनटीपीसी जमनीपाली कोरबा के अंतर्गत भू-विस्थापितों के रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा के प्रकरणों के संबंध में 10 दिवस में परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण उपरांत समिति द्वारा आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### राशनकार्डों का नवीनीकरण 29 फरवरी तक

**कोरबा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्तजन तथा सामान्य राशनकार्डों का नवीनीकरण के लिए अभियान 25 जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्डधारियों की सुविधा के लिए नवीनीकरण हेतु नया मोबाईल ऐप तैयार किया गया है, जिसे राशनकार्डधारी अपने मोबाइल, उचित मूल्य दुकानों में संधारित टेबलेट, दुकान संचालक के पंजीकृत मोबाइल में खाद्य विभाग की वेबसाइट से ऐप को डाउनलोड कर राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 29 फरवरी तक किया जाएगा। जिसके अंतर्गत आवेदन प्राप्ति 15 फरवरी तक तथा नवीनीकृत राशनकार्ड प्रदाय हेतु 1 फरवरी से 29 फरवरी तक समय सीमा निर्धारित है। कलेक्टर अजीत वसंत ने इस संदर्भ में आयुक्त नगर निगम, सभी सीएमओ नगरीय निकाय, सर्व जनपद सीईओ एवं सहायक खाद्य अधिकारी व खाद्य निरीक्षक को कार्यवाही करने कहा है।

# जंगल को आग से बचाने वन विभाग गांव-गांव में कर रहा वाल पेंट

## बीट प्रभारी का मोबाइल नंबर किया जा रहा सार्वजनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले का जंगल अपनी जैव विविधता के नाम से जाना जाता है। इस जंगल में विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों के साथ साथ औषधीय पौधों की भी भरमार है लेकिन हर वर्ष जंगल में आगजनी की घटना से वन्य प्राणियों, पेड़ पौधों को भारी नुकसान होता है। इस समस्या से निपटने वन विभाग द्वारा गांव-गांव में वॉल पेंट कराया जा रहा है। जिसमें उस वन क्षेत्र के बीट प्रभारी का मोबाइल नंबर भी लिखा जा रहा है ताकि आगजनी सहित कोई भी घटना हो तो ग्रामीण सीधे बीट प्रभारी को उसकी सूचना देकर तत्काल उस पर रोक लगाने पहल करें।

उल्लेखनीय है कि कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हर वर्ष बड़े पैमाने पर आगजनी की घटना होती है। खासतौर पर तेंदुपत्ता संग्रहण के पहले और महुआ संग्रहण के दौरान इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं। इस दौरान लोग जंगल में आग लगा देते हैं जो धीरे धीरे पूरे जंगल को अपनी चपेट में ले लेता है। इस आगजनी की घटना से जंगल में रहने वाले वन्य प्राणी व वन औषधि बुरी तरह से प्रभावित होते हैं और लाखों का नुकसान होता है। अब आगजनी से वन्य प्राणियों और बेशकीमती औषधीय पौधों को बचाने कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत द्वारा पहल की गई है और जंगल के भीतर बसे गांवों में वॉल ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- फायर लाइन कटिंग का चल रहा है काम, जंगल में फरवरी महीने से माना जाता है अग्नि सीजन



### आगजनी वाले स्थानों का किया जा रहा है अध्ययन

डीएफओ कुमार निशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते वर्ष गर्मी में कटघोरा वनमंडल में जिन स्थानों में आगजनी की घटना हुई थी उन स्थलों का लोकेशन संग्रहित किया गया है और सभी अफसरों को उस लोकेशन की जानकारी दी गई है उनके द्वारा यह अध्ययन किया जा रहा है कि आखिर इन स्थानों में आगजनी की घटना क्यों हुई थी और कैसे हुई थी यह भी जांच की जा रही है ताकि इस साल इन स्थानों में पुनः आगजनी की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। साथ ही जंगलों में फायर लाइन कटिंग का काम भी जोरों पर चल रहा है। अमूमन फरवरी के महीने से ही आगजनी का सीजन माना जाता है लेकिन अप्रैल और मई के महीने में ही सबसे ज्यादा आगजनी की घटना सामने आती है।

## वाणिज्य, श्रम और उद्योग मंत्री ने किया उद्घाटन

# खरमोरा में सब स्टेशन शुरू होने से क्षेत्र की बिजली समस्या हुई खत्म : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरमोरा में नवनिर्मित 33/11 केवी उपकेंद्र को सोमवार को लाइटप कर चार्ज कर दिया है। जिसका विधिवत शुभारंभ प्रदेश के वाणिज्य, श्रम और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। इस सब स्टेशन के चार्ज हो जाने से खरमोरा के आसपास के 4 वार्डो के 5 हज़ार उपभोक्तओं को पॉवरकट की समस्या से निजात मिल जाएगी।

श्री देवांगन ने कहा कि इस सब स्टेशन के शुरु हो जाने से कई वार्डों की बिजली की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। विशेष तौर पर ददरखुर्द, खरमोरा समेत अन्य वार्डो में निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि गर्मी में लो वोल्टेज और कटौती से राहत मिलेगी। हमारा प्रयास है कि सभी सब स्टेशन का निर्माण जल्द पूरा हो सके ताकि पूरे शहर को बिजली की समस्या से निजात मिल सके। उक्त सब स्टेशन का निर्माण 1.76 करोड़ की लागत से किया गया है। इसी तरह शहर के कई जगहों पर नवीन उपकेंद्र निर्माणाधीन है। इस गर्मी इस क्षेत्र के लोगों को इस सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इस अवसर पर निगम के नेता प्रतिपक्ष हित्तानंद अग्रवाल, युवा मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र देवांगन, कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, चंदन सिंह, पार्षद अनिता यादव, कृष्णा द्विवेदी, राजेश राठौर, राम कुमार राठौर, राधे यादव सहित वितरण कम्पनी के अधिकारीगण उपस्थित थे।

**खास बातें**

- खरमोरा सब स्टेशन हुआ चार्ज, 5 हजार उपभोक्ता को मिलेगी पावरकट से निजात
- 1.76 करोड़ की लागत से बना है सब स्टेशन



स्वीच दबाकर सब स्टेशन को चार्ज करते मंत्री लखनलाल देवांगन साथ में अन्य।

**वार्डों में बिल सुधार के लिए लगेगा शिविर**

वार्डवासियों की मांग पर मंत्री श्री देवांगन ने वितरण विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया कि जिन वार्डों में बिजली बिल की शिकायत सबसे अधिक है, वहां जल्द शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण किया जाए। ज्ञात रहे कि जिले में बिजली बिल को लेकर लंबे समय से शिकायतों का दौर जारी है जो समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। यही वजह है कि विद्युत विभाग का बकाया भी लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

# जिले के सात क्षेत्रों में शुरु होंगी उप डाकघर की नई शाखाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पांच क्षेत्रों में उप डाकघर की नई शाखा खोली जाएंगी। जिले के मुख्य डाकघर शाखा द्वारा भेजे गए इस प्रस्ताव को हरी झंडी दिसंबर माह में मिल गई थी जिसके बाद शाखा खोलने का कार्य भी विभागीय स्तर पर शुरु कर दिया गया है। इन पांच शाखा उप डाकघर में शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल हैं। इस सुविधा से दूर दराज के ग्रामीणों को डाक विभाग की डाक सेवा एवं अन्य योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। अब तक यह क्षेत्र डाक विभाग के माध्यम से चलने वाली केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित था।

जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आबादी व उपनगरीय क्षेत्रों में सघन आबादी के मद्देनजर इन दोनों क्षेत्रों में डाक विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने और आम नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग द्वारा क्षेत्र का सर्वे कराया गया था ताकि उप डाकघर की नई शाखा प्रारंभ कर उस क्षेत्र के निवासियों को केंद्रीय बचत योजनाओं का लाभ मिल सके और डाक सुविधा का नियमित रुप से संचालन किया जा सके। सर्वे में विभाग के व्यवसाय के साथ साथ उस क्षेत्र की आबादी को भी प्राथमिकता से लिया गया। सरकार के नए मापदंड ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- विभाग के भेजे गए प्रस्ताव को मिली हरी झंडी
- 15 सौ से 2 हजार आबादी के क्षेत्र में खोलो जाते हैं उप डाकघर




फाइल फोटो

**यहां खुलेंगे**

**कोरबा ब्लॉक**
- लेमरु
- सतरेंगा
- बालको शहरी क्षेत्र
- रजगामार ग्राम पंचायत

**पाली ब्लॉक**
- पाली
- पोड़ी

**पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक**
- शाखो पंचायत

**शाखाएं खोली जा रही है**

जिले के ग्रामीण एवं उपनगरीय क्षेत्रों में उप डाकघर की नई शाखा खोलने की स्वीकृति मिलने के बाद दिसंबर महीने से सभी चयनित क्षेत्रों में उप डाकघर की नई शाखा प्रारंभ करने का कार्य शुरु कर दिया गया है। इन क्षेत्रों के निवासियों को डाक सुविधा के साथ बचत योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

-विजय दुबे, पोस्ट मास्टर मुख्य डाकघर

# बहनों के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को 4 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 2 साल पहले चार सगी बहने अपने गांव में टहल रही थी। इसी दौरान उसी क्षेत्र में रहने वाले तीन युवकों ने चारों बहनों के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। मामले की सुनवाई कटघोरा के विशेष न्यायालय में चल रही थी। जहां आरोपियों के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को 4 वर्ष सश्रम कारावास व 3 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है।

मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बोकरामुड़ा का है। यहां निवासरत 4 सगी बहनें 18 मई 2022 की शाम लगभग 5 बजे अपने गांव में टहल रही थी तभी उसी गांव में निवास करने वाले संदीप दास पिता छत्तूदास, रंजीत दास पिता छत्तू दास व प्रदीप दास पिता छत्तूदास नामक युवक बाइक में सवार होकर वहां पहुंचे और सड़क पर टहल रही बहनों का दुपट्टा खींचकर छेड़छाड़ करने लगे। जब युवतियों ने इसका विरोध किया तो तीन युवक मौके से भाग निकले। मामले की शिकायत हरदीबाजार थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने संदीप, रंजीत और प्रदीप के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय कटघोरा पीठासीन अधिकारी श्रीमती स्वर्णालता टोप्पो के न्यायालय में चल रही थी। आरोपियों के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर धारा 8 पास्को एक्ट के तहत तीनों आरोपियों को 4 वर्ष का सश्रम कारावास व 3 ⏭ शेष पेज 3 पर

# पहले बेची जमीन अब अवैध कब्जा करने उसी पर कर रहे पेड़ों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा ब्लाक के पसान वन परिक्षेत्र में निजी जमीन में अवैध पेड़ कटाई का मामला सामने आया है। दूसरे की खाली पड़ी जमीन पर अब अवैध कब्जा करने दिन दहाड़े पेड़ो की कटाई की जा रही। हैरानी वाली बात यह है की वन परिक्षेत्र कार्यालय से चंद कदमों पर पेड़ो की कटाई की जा रही है और वन विभाग के अधिकारी मुकदर्शक बने हुए हैं।

जिले के पसान तहसील में कई वर्ष पूर्व बिक्री की गई जमीन पर जबरन बेजा कब्जा करने का खेल चल रहा है। पसान निवासी सलीम खान द्वारा अपने हिस्से की निजी जमीन को जरूरत पड़ने पर एक के बाद एक अलग अलग कुल तीन लोगो के पास बिक्री कर दिया गया था। कुछ जमीन का सीमांकन भी हो चुका है बावजूद इसके जमीन को उसके स्वामी के हवाले करने अब जमीन में अवैध कब्जा का प्रयास किया जा रहा है। जमीन मालिकों द्वारा सीमाकांन के पूर्व उनकी जमीन में किसी तरह के निर्माण कार्य पर रोक लगाने पसान तहसील में आवेदन लगाया गया है उस जमीन पर नियम विरुद्ध पहले टेक्टर चला कर जमीन समतलीकरण कार्य कराया गया और फिर जमीन में लगे पेड़ो की कटाई की जा रही है। जमीन से चंद कदम की दूरी पर ही तहसील और वन परिक्षेत्र कार्यालय है बौवजूद इसके विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- बेची गई जमीन का सीमांकन कराने की जगक चल रहा कब्जे का खेल
- पसान वन परिक्षेत्र का मामला, वन विभाग बना मूक दर्शक



आधा काटकर छोड़ा गया पेड़।

**समतलीकरण के नाम पर अवैध कब्जा**

पसान निवासी सलीम और उसके भाई के बेटे जुनेद,शोएब द्वारा बेची गई जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। यही वजह है कि तहसील से स्टे लगने के बाद भी जमीन का समतलीकरण कर पेड़ो की अवैध कटाई की जा रही है। इसके लिए ना तो वन विभाग से अनुमति ली गई है और ना ही तहसील से।

**पहले बेची जमीन, अब नही दे रहे कब्जा**

पसान निवासी सलीम खान द्वारा अपने हिस्से की जमीन में से पहले स्व. गोपाल अग्रवाल को 22 डिसमिल विजय तिवारी को 9 डिसमिल, और बी एल मिश्रा को 5 डिसमिल जमीन की बिक्री की गई थी। जिसका नियमानुसार रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यवाही भी पूरी की गई है। अब जमीन मालिकों द्वारा जब अपने हिस्से की जमीन का सीमांकन कराने आवेदन दिया जाता है तो सलीम खान तहसील में उपस्थित नही होना, जिसकी वजह से ना सीमांकन कार्य हो पा रहा है और ना ही जमीन मालिको को जमीन पर कब्जा मिल पा रहा है।

**नहीं किया जा सकता निर्माण कार्य**

आपके द्वारा जानकारी मिली है सीमांकन के पूर्व जमीन पर किसी तरह का निर्माण कार्य नही किया जा सकता। पेड़ो की कटाई को लेकर वन विभाग को सूचना दी जायेगी।

-लीलाधर ध्रुव, तहसीलदार पसान

**अवैध कटाई पर लगेगी रोक**

आपसे जानकारी मिली है में तत्काल मौके पर जा कर तस्दीक करता हूं और अवैध कटाई पर रोक लगवाता हूं। साथ ही इसकी सूचना विभाग के अधिकारियों को देता हूं।

-ईश्वर मानिकपुरी, फॉरेस्टर वन परिक्षेत्र पसान

## लोस चुनाव को लेकर भाजपा की हुई बैठक

# लोकसभा चुनाव जीतने अभी से जुटें सभी कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी कोरबा लोकसभा क्षेत्र की लोकसभा स्तरीय बैठक सोमवार को पंचवटी विश्रामगृह में संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव की दृष्टि से क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव में कोरबा लोकसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने रणनीति पर विचार किया गया। बैठक में उपस्थित अजय जामवाल व पवन साय ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कोरबा जिले के चारों एवं बिलासपुर जिले के मरवाही विधानसभा क्षेत्र से आए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को चुनाव में जीत हासिल करने अभी से जुट जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव गांव में बूथ स्तर पर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे विकास कार्यों के साथ साथ आमजनों की सुविधाओं के लिए बनाई गई योजनाओं का ना सिर्फ जोर शोर से प्रचार प्रसार करें एवं आमजनों को उसका लाभ दिलाने की दिशा में भी कार्य करें। प्रदेश में हालिया संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जिसे लोकसभा चुनाव में भी बनाकर रखना है। मार्गदर्शन देने पहुंचे दोनों पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि प्रत्याशी तय करने का काम संगठन का है। संगठन जिसे भी कोरबा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित करेगा उसकी जीत सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए अभी से हम सब इस कार्य में जुट जाएं। बैठक में मुख्य रुप से कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक भैयालाल राजवाड़े, बिलासपुर संभाग सह प्रभारी अनुराग सिंहदेव, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, मनोज शर्मा, लखन श्रीवास्तव, गोपाल साहू सहित जिले के चारों विधानसभा के प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी, मंत्री एवं विधायक द्वय।



बैठक में शामिल विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारी।

### पेड़ से गिरकर घायल हुए वृद्ध को डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112 की टीम को सूचना मिली कि मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुलसीभवना निवासी रतन राम मंझवार उम्र 55 वर्ष पिता मिट्टू राम अपने घर से षष्ठी कार्य के लिए जंगल में दोना पत्तल बनाने के लिए एक पेड़ पर चढ़कर पत्ता तोड़ रहा था। अचानक पैर फिसलने से वह पेड़ से गिरकर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। पेड़ से गिरने के कारण उक्त व्यक्ति का बायां पैर बुरी तरह से टूट चुका था जिसे आस-पास के ग्रामीणों एवं परिजनों की मदद से खाट पर लिटाकर डायल-112 तक लाया गया। जिसके बाद बेहतर उपचार के लिए टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी उपरोड़ा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

## खबर संक्षेप



### पटाखा फोड़कर हाथियों को खदेड़ने पहुंचे युवक को दंतैल ने पटका, मौत

**अम्बिकापुर/प्रतापपुर।** गन्ने के खेत में मौजूद हाथियों को पटाखा फोड़कर भगाने गए युवक को हाथियों ने पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वन अधिकारियों ने पीएम उपरांत मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता प्रदान की है। 33 हाथियों का बड़ा दल पिछले 20 दिनों से प्रतापपुर जंगल में भ्रमण कर रहा है तथा पिछले 3-4 दिनों से बैकोना जंगल में मौजूद है। हाथियों का दल शाम 6 बजते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जाता है तथा गन्ने की फसल खाकर अपनी भूख मिटाता है। दल में हाथियों की संख्या अधिक होने के कारण हाथी अलग-अलग दलों में बंटकर फसल को तबाह करते हैं एक रात में 8-10 एकड़ गन्ना की फसल को चट करने के साथ ही फसल को रौंद देते हैं। वन अमला नियमित हाथियों की मॉनिटरिंग करने के साथ ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने के लिए जागरूक करता है। एक साथ 33 हाथियों को खदेड़ना संभव नहीं होने एवं हाथियों के अलग-अलग खेतों में सक्रिय रहने के कारण ग्रामीण भी लाचार बन कर अपनी फसल को तबाह होते देखते रहते हैं। बीती रात हाथियों का दल जंगल के दो किमी दूर ग्राम बैकोना पहुंचा एवं पूरी रात गन्ने की फसल को तबाह करता रहा है। सुबह हाथियों का दल गन्ने के खेत में ही मौजूद था। सुबह 8 बजे अपने गन्ने के खेत में मौजूद हाथियों को खदेड़ने के उद्देश्य से ग्राम बैकोना निवासी शिवमंगल आ. मोहर साय कंवर (35 वर्ष) पटाखा फोड़ पाता इसके पूर्व ही एक दंतैल से उसका सामना हो गया। मोहर साय सामने हाथी को देख भागने की कोशिश की लेकिन दंतैल ने अपने सुंड में जकड़ कर उसे पटक दिया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे किसी तरह बाहर निकाला तथा तत्काल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे वन अधिकारियों ने मृतक का पीएम कराने के उपरांत परिजन को 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता प्रदान की।

### धान की चोरी और किसानों से अभद्रता को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सूरजपुर।** जिले के धान खरीदी केंद्रों में किसानों के धान चोरी करने तथा किसानों के साथ की जा रही अभद्रता की शिकायत को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता व युवा कांग्रेस के नेता दीपक कर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा । दीपक कर ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जिले के विभिन्न धान केंद्रों में किसानों के धान चोरी करने की शिकायतें आ रही है। जब इस संबंध में किसानो द्वारा विरोध किया जाता है तो धान खरीदी केंद्रों के प्रबंधक द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी दी जाती है। रामानुजनगर के ग्राम उमापुर ब्लॉक जहां धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक द्वारा भी किसानो के धान चोरी करने की शिकायत मिली है। उमापुर धान खरीदी केंद्र के अलावा जिले के अधिकांश धान खरीदी केंद्र में इस तरह की हरकतें किसानों के साथ किया जा रहा है जिससे किसान काफी परेशान है। किसान धरम लाल ने शिकायत करते हुए बताया कि धान खरीदी केंद्र उमापुर में 26 दिसम्बर को 42.80 (107 बोरी) क्विंटल धान बेचा है और धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक द्वारा 107 बोरी 42.80 क्विंटल का तौल पत्र भी मिला है जबकि खाते में प्रबंधक और ऑपरेटर द्वारा 39.20 (98 बोरी) क्विंटल धान विक्रय किया गया है, शेष धान 3.60 (9 बोरी) धान को चोरी कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में पूछने पर प्रबंधक द्वारा किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। दीपक कर ने समस्त धान खरीदी केंद्रों की उचित निगरानी रखकर जांच करते हुए गलत करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### पिपरौल की नालंदा एग्रो राइस मिल से 5827 बोरी धान गायब

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर में जिला प्रशासन की टीम ने धान की अनियमितता के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। छापामार कार्रवाई के दौरान मिल में 5827 बोरी धान कम पाए जाने पर टीम में पिपरौल के नालंदा एग्रो राइस मिल को सील कर दिया है। बता दें की धान खरीदी के दौरान कोचिए अपना अवैध धान खपाने के लिए नए नए तरीके अपना रहे है। इसके साथ ही धान की हेराफेरी के कारोबार में मिलर्स भी शामिल हो गए है। बलरामपुर जिले में भी अवैध धान को खपाने से रोकने के साथ ही धान की अफरा तफरी पर कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर आर एक्का ने दिए है। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी द्वारा रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पिपरौल स्थित नालंदा एग्रो राइस मिल में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान भौतिक सत्यापन में 5827 बोरी धान कम पाया गया है। बताया जा रहा है कि मिलर द्वारा 19680 क्विंटल धान का उठाव किया गया था। इसमें से 15000 क्विंटल धान की मिलिंग कर दी गई। मिलिंग उपरान्त मिलर द्वारा 8095.45 क्विंटल चावल जमा किया गया। अधिकारियों के अनुसार भौतिक सत्यापन के दौरान मौके पर 11700 बोरी धान उपलब्ध होना चाहिए था लेकिन मौके पर सिर्फ 5873 बोरी धान ही पाया गया ऐसे में टीम द्वारा 5827 बोरी धान की हेराफेरी के मामले में मिल संचालक पर अनियमितता को लेकर कार्रवाई की गई है।

## राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम

# परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को मिला प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन



कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में देशभर के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के मन से परीक्षा का भय दूर करने और सकारात्मक पहल के साथ पर्चा हल करने के संबंध में परीक्षा पे चर्चा विषय पर बात की। दिल्ली के भारत मण्डपम में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सातवें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने देशभर के विद्यार्थियों और अभिभावकों से वर्चुअल संवाद कर परीक्षा के विषय में उनके प्रश्नों के जवाब दिए और शंकाएं दूर की। प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में परीक्षा पे चर्चा का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां एलईडी स्क्रीन के माध्यम से विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय की छात्रा कुमारी श्रुति सिंह व पूजा देवांगन ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन से परीक्षा के प्रति भय दूर करने, परीक्षा की बेहतर ढंग से तैयारी कैसे करें और किस तरह से समय का प्रबंधन करें, इसकी जानकारी मिली। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 750 छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक शामिल हुए।

### हरदीबाजार में परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण देखा गया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा के 7वें भाग का सीधा प्रसारण स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी अंग्रेजी माध्यम स्कूल हरदीबाजार में किया गया। अतिथि व शिक्षकों ने अध्यनरत बच्चों को परीक्षा से नहीं डरने, तनाव मुक्त होकर अच्छे से पढ़ाई करके, पेपर बनाने और सभी को संबंधित शिक्षक या अपने आस-पास पढ़ें लिखे माता बहने, भाई -बहन से पूछे और समझ कर दिमाग में उसे बैठाकर परीक्षा देने की सलाह दी। इस दौरान छोटे लाल पटेल जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, यदुराज राठौर, व्यास राठौर विधायक प्रतिनिधि भुवनेश्वर राठौर, पप्पू राठौर, प्राचार्य रमा उमा निधि, गणेश राम कंवर प्रभारी प्राचार्य, तरुण डिक्सेना, रामकुमार यादव प्रधानपाठक, पूनम अहिर सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।



### पीएम की परीक्षा पे चर्चा पर किया कार्यक्रम



**कटघोरा।** बालक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई पी कश्यप, जिला मंत्री संजय शर्मा,मण्डल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे मण्डल महामन्त्री राजेन्द्र टण्डन,अभिषेक गर्ग,मण्डल कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया,उपस्थित रहे। स्कूल में लगे स्मार्ट टीवी के माध्यम से उपस्थित बच्चे प्रधानमंत्री से रुबरु हुए। कार्यक्रम के बाद बच्चों ने बताया कि परीक्षा के समय हमें जो तनाव होता था हमे जो परेशानियों का सामना करना पड़ता था निश्चित ही प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए उपायों से हमें लाभ होगा। बच्चों ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हमें जो मार्ग दिखाया है उससे हमारे जीवन मे और भी नई ऊर्जा मिलेगी इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या सहित शिक्षक शिक्षिकाओं व स्कूल के सभी छात्र उपस्थित रहे।

### टाइम मैनेजमेंट से विद्यार्थी अच्छे नंबर से होंगे उत्तीर्ण



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चैतमा में परीक्षा पे चर्चा मे प्राचार्य चंद्राणी सोम के मार्गदर्शन में अतिथि अमरनाथ कैवर्त पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष, अजीज खान, प्रभुवन पारसे वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा के 7वें संस्करण में देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत की। करीब पौने दो घंटे तक पीएम की मेगा क्लास में बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन से लेकर बेहतर नागरिक बनने के गुर मिले। इस दौरान संकुल प्रभारी दिलीप सिंह तंवर, विवेक ज्योति खांडे, पार्वती राम, विभा तांडे, सुरेन्द्र सिंह नेटी, भागीरथी श्रीवास स्काउड ब्लॉक प्रभारी, राखी विंध्यराज, प्रज्ञा दास, आशीष सिंह, त्रिलोक नारायण, बलराम क्षत्रीय, विद्या कश्यप, कीर्तन बघेल, देवानंद वर्मा सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### तनाव को सफलता में बदलता है परीक्षा पर चर्चा : दीपक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम इंडस पब्लिक स्कूल बतारी में छात्र-छात्राओं ने प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री पूर्व सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता दीपक जायसवाल थे। इंडस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता के अगुवाई में आयोजित यह कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उत्सुकता देखते ही बनी। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पहुंचे दीपक जायसवाल ने कहा कि वर्तमान शिक्षा पद्धति में देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा वार्षिक परीक्षाओं के समय तनावग्रस्त होने लगता है परीक्षा में अंक की चिंता बच्चों के भविष्य की चिंता और साथ ही पारिवारिक सामाजिक दबाव के चलते विद्यार्थियों और अभिभावकों को कई तनावपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम में दीपक जायसवाल के साथ पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि चंद्रपाल कंवर ने विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित पौधरोपण किए।

# निषाद केवट समाज का परिचय सम्मेलन





शपथ लेते कार्यकारिणी के पदाधिकारी व उपस्थित समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निषाद केवट समाज जिला द्वारा केवट भवन बुधवारी बाजार में भक्त गुहा निषाद जयंती एवं परिचय सम्मेलन एवं शपथग्रहण समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। समारोह के मुख्य आतिथ्य श्रम उद्योग वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छग मछुवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एमआर निषाद ने की।

**खास बात**

- भक्त गुहा निषाद जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम में मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि इस समाजिक समारोह से समाज एकत्रित एवं बढने का अवसर प्राप्त होता है। केवट निषाद समाज प्रतिवर्ष यह आयोजन करते आ रहा जो अपने पूर्वजो की पूजा अर्चना एवं जयंती मनाते आ रहा है। इस आयोजन में छोटे छोटे बच्चों को निखारने का अवसर प्राप्त होता है, जिसको समाज पुरस्कार दिया गया है उसको देखकर दूसरे के मन में आगे बढने की लालसा बढ़ती है। वहीं समाज परिचय सम्मेलन करती है तो एक दूसरे को जानने मानने का अवसर मिलता है। एक ही छत पर यह सुविधा मिल जाती है। भक्त गुहा निषाद के मार्ग पर चलते हुए उसके संदेश का अध्ययन करना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे एमआर निषाद ने कहा कि भक्त गुहा निषाद को गुरु के रूप में पूजा अर्चना प्रतिदिन करनी चाहिए। परिचय सम्मेलन शादी विवाह का एक माध्यम है एक दूसरे परिवार मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने मछुवा आयोग के अध्यक्ष रहते हुए अनको समाज के लिए कार्य किया मछली पालन को कृषि का दर्जा दिलाया है। आरक्षण के मुद्दों को लेकर कई बार सरकार को पत्र दिया है विशिष्ट अतिथि समाज के प्रदेश महासचिव ने बताया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार एवं शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष आनंद निषाद ने समाज में शिक्षा को जरूरी बताया प्रदेश की महिला उपाध्यक्ष गायत्री कैवर्त ने समाज के उत्तरोत्तर विकास मे प्रबुद्धजनों पर राय लेनी चाहिए किसी भी समाज के विकास में शिक्षा को जरुरी बताया। जिला संगठन के संरक्षक हरिश्चन्द्र निषाद ने जिला संगठन के विकास के बारे में जिसमें कुछ कमी को अतिथियों को अवगत कराया। इस दौरान महापौर राज किशोर प्रसाद ने कहा कि निषाद समाज में शिक्षा के बलबूते अनेक उच्च पदों पर आसीन है। समाज में अनेकों विभूषित व्यक्ति हैं जो समाज के लिए गौरव की बात है। इस दौरान अध्यक्ष ललित कुमार कैवर्त, महासचिव किशन कुमार कैवर्त, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार कैवर्त, महिला अध्यक्ष श्रीमति पूनम कैवर्त एवं युवा अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार कैवर्त मंचस्थ रहे। महाराजा भक्त गुहा निषाद श्रीराम जानकी लक्ष्मण हनुमान शबरी केवट की झांकी एवं रैली निकाली गई जो केवट निषाद समाज भवन बुधवारी बाजार से घंटाघर होकर आकर्षित झांकी रही। इस दौरान अजीत कैवर्त, ममता कटकवार, रामकुमार कैवर्त, कार्तिकराम कैवर्त, अमृता निषाद, कुसुमलता कैवर्त, सुखदेव कैवर्त, प्रहलाद कैवर्त, रजनीश निषाद, तिलक राम कैवर्त, डोरे लाल कैवर्त, कुसवा राम कैवर्त, अमरनाथ कैवर्त, बीडी केवट, एसएस कटकवार, कमल कुमार कैवर्त, राकेश कैवर्त, श्रवण कुमार कैवर्त, दिनेश कैवर्त, कृपा शंकर कैवर्त, खीखराम कैवर्त आदि उपस्थित रहे।

# एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में सुरक्षा सम्बंधित फैमिली काउंसलिंग का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा परियोजना में खान सुरक्षा सम्बंधित फैमिली काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गेवरा परियोजना के सयुक्त सहलाह्कार समिति के सदस्यों एवं गेवरा परियोजना के पिट सेफ्टी सदस्यों के परिवार के सदस्यों को खदान का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी श्री त्रिपाठी ने उन्हें खदानों की विभिन्न उत्पादन सम्बंधित गतिविधियों से अवगत कराया और खदानों के संभावित खतरों के बारे में बताया। उपस्थित कर्मियों के परिवार के सदस्यों को साइलो द्वारा रेक लोडिंग का अवलोकन, डंपर, डोजर, शोवेल , ड्रिल और ग्रेडर के संचालन के बारे में व्यू प्वाइंट से जानकारी दी गई। अरुणजय कुमार, परियोजना सुरक्षा अधिकारी (प्रभारी) ने उन्हें खदानों में श्रमिकों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पी.पी.ई.) के महत्व के बारे में समझाया और इस बात पर जोर दिया कि परिवार के सदस्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कर्मचारी ड्यूटी के लिए घर छोड़ने से पहले अपने पी.पी.ई. को कार्यस्थल पर ले जाएं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार तनाव-मुक्त वातावरण दुर्घटना को टालने में मददगार होता हैं। उन्होंने कर्मियों को तनाव मुक्त मानसिकता प्रदान करने में परिवार के सदस्यों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सलाह दी कि श्रमिकों के परिवार के सदस्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कार्यस्थल पर जाने से पहले श्रमिकों को घर में पर्याप्त आराम मिले। इस फॅमिली काउंसलिंग में एसईसीएल और गेवरा परियोजना के बारे में बुनियादी जागरूकता पर उपस्तिथ परिवार के सदस्यों के लिए एक त्वरित क्विज सत्र आयोजित किया गया था जिसमें सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। खदानों की सुरक्षा को लेकर श्रमिकों के परिजनों से सुझाव मांगे गये. कार्यक्रम का समापन श्रमिकों के परिवार के सदस्यों के फीडबैक सत्र के साथ हुआ। उक्त कार्यक्रम एस के मोहंती, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, गेवरा क्षेत्र, अशोक कुमार, महाप्रबंधक, गेवरा परियोजना, अजय बेहेरा, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एवं सुनील प्रसाद, खान प्रबंधक, गेवरा परियोजना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में उपस्थित एसईसीएल के कर्मचारी।

# स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार से बढ़ती है इम्यूनिटी: डॉ. शर्मा




स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉ शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं पतंजलि चिकित्सालय निहारिका के संयुक्त तत्वाधान में नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय, निहारिका रोड कोरबा में प्रथम पुष्य नक्षत्र में 25 एवं 26 जनवरी को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत बच्चों को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया गया। साथ ही उन्हें वर्ष 2024 के वर्ष भर की पुष्य नक्षत्र के दिनांक का स्वर्ण बिंदु प्राशन कार्ड कैलेंडर भी प्रदान किया गया। जिससे नियमित स्वर्ण प्राशन कराने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार के बारे में संस्थान के चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया कि स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार बच्चों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिये आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा किया जाने वाला टीकाकरण है। जो प्राचीन समय से चला आ रहा है। स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार में प्रमुख रूप से शुद्ध स्वर्ण भस्म का प्रयोग होता है, स्वर्ण भस्म शरीर के प्रत्येक कोशिकाओं में प्रवेश कर उनके असंतुलन तथा विकृति को दूर कर शरीर के प्रत्येक अंग की शक्ति और क्षमताओं को वृद्धिकर रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। जैसा की सर्वविदित है कि सभी प्रकार के रोगों उसमे से भी खासकर संक्रामक रोगों से ग्रसित होने का मुख्य कारण इम्यूनिटी का कमजोर होना है और स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार इम्यूनिटी को मजबूत कर बच्चों को सभी प्रकार के संक्रामक रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान कर उन्हे रोगों से सुरक्षा प्रदान करता है। स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ कोरबा के जिला संयोजक डॉ.संजय वैष्णव, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, सचिव लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, लायन सुधीर सक्सेना,लायन प्रत्युष सक्सेना, लायन शांता मडावे, लायन संतु साहु, लायन मनोज मिश्रा, लायन देवेश मिश्रा, लायन नेत्रनन्दन साहू, लायन कमल धारीया, लायन अश्विनी बुनकर, देवबलि कुंभकार, राकेश इस्पात, सिद्धराम शाहनी, स्नेहा मिश्रा, हर्ष नारायण शर्मा, श्रीमती कमला कुंभकार एवं श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# साहू समाज बालको का 42वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन



सम्मेलन में उपस्थित समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तैलिक विकास समिति बालको द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित साहू सदन में 42वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत साहू समाज की आराध्या भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार साहू अपर कलेक्टर उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज के सभी बच्चे समाज व देश के कर्णधार है इसीलिए बच्चे सही दिशा में मेहनत करें तो लक्ष्य जरुर मिलेगी, साथ ही उन्होंने कहा कि आजकल बच्चे मोबाईल के आदी होते जा रहे हैं इसीलिए पैरेंट्स अपनी जिम्मेदारी समझे और अपने बच्चों को जितना ज्यादा हो सके मोबाईल से दूर रखें। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान बच्चों को दसवीं बारहवीं बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम लाने पर नोनीबाई लेखराम साहू प्रावीण्यता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समाज द्वारा आयोजित वनभोज कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के सभी विजेता उपविजेता प्रतिभागियों को मंचासीन अतिथियों के करकमलों पुरस्कृत किया गया।

# प्रांतीय गोर्खाली समाज ने मनाया सामाजिक मिलन व वनभोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रांतीय गोर्खाली समाज के द्वारा सतरेंगा में सामाजिक मिलन व वनभोज का कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल-कूद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। महिलाओं की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में श्रीमती शन्नू सिंह, अन्नु कश्यप, श्रीमती निर्मला सोनी को पुरस्कृत किया गया। बच्चों की कुर्सी दौड़ में लतिका कश्यप, रिवान्स वस्ताकोटी, अमन सुब्बा को पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान श्रीमती माया थापा, नारायण श्रेष्ठ, श्रीमती डाली थापा, नरेन्द्र गुरूंग, श्रीमती भारती गुरुंग, मनीष सुब्बा, सीबी थामी, श्रीमती सत्या रसैली, केबी गौतम, कमल बहादुर सोनी, डीबी सुब्बा, श्रीमती निर्मला सोनी, जिलाध्यक्ष शंकर पुरी, श्रीमती नीलु सुब्बा, श्रीमती शशी थामी, भीम सोनी, गोपाल बहादुर, श्रीमती कमला सोनी, श्रीमती साधना सिंह, श्रीमती कमल चौधरी, श्रीमती रेखा परिहार, श्रीमती चन्द्रवती सोनी, सुरेन्द्र थापा, शंकर गुरुंग, राज बहादुर गुरुंग, श्रीमती लक्ष्मी राय, श्रीमती रीता वस्ताकोटी, गोपाल बहादुर कुंवर, रेवत राई आदि उपस्थित रहे।



सामाजिक मिलन में उपस्थित हुए समाज के सदस्य।

## खबर संक्षेप



### पत्रकार भवन में मनाया गया गणतंत्र दिवस

बरपाली प्रेस क्लब बरपाली अंतर्गत पत्रकार भवन में अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान गाया गया तथा मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुखदेव कैवर्त राजू खत्री, संतोष साहु सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ईएसआईपी योजना ने बदल दी तकदीर, हो गए मालामाल

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले वनवासी आदिवासियों की दशा व दिशा बदलने के लिए लगातार वन विभाग प्रयास कर रही है। इस कड़ी में ईएसआईपी योजना के तहत जय बूढ़ादेव समूह के 10 सदस्यों को मुर्गी पालन की दिशा पर विवरण विभाग में प्रेषित किया था। समूह ने इसे हाथों-हाथ उठाया और दिन-रात मेहनत की और आज इस समूह ने लगभग 2 लाख मुर्गी बेचकर अपनी आर्थिक दशा व दिशा बदल दी है। कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत ईएसआईपी योजना के तहत जय बूढ़ादेव समूह के 10 सदस्यों को मुर्गी पालन का करने की दिशा पर उन्हें प्रेरित किया गया था। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों के इस पहल को शहर स्वीकार किया और वन विभाग के अधिकारियों ने इन्हें मुर्गी पालन के लिए मुर्गी उपलब्ध कराए थे। जब जयदेव बुढ़ा देव समिति के सदस्यों ने मुर्गी का पालन किया और दिन-रात मेहनत की।

### उरगा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समीप हो रहे बेजाकब्जा



**कोरबा।** उरगा इलाके में एक नई सड़क के स्वीकृत होते ही खाली पड़े शासकीय भूभाग पर बेजा कब्जा करने वालों की भीड़ लग गई है। यहां हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाई गई आवासीय कॉलोनी की दीवार से लगी हुई जमीन पर पिछले कुछ दिनों के भीतर ही बड़ी संख्या में निर्माण कार्य हो गए हैं। इस भूभाग पर कई मकान खड़े हो गए हैं, वहीं अनेक निर्माण कार्य के लिए भारी मात्रा में सामग्रियां गिराई गई हैं। इस भूभाग पर नजर डालें तो यहां पर बाकायदा मशीन चलाकर जमीन को समतल किया गया है, साथ ही भूखंडों को बांटकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। यहां सड़क के किनारे से लेकर दूर तक लोगों ने जमीन पर कब्ज़ा किया हुआ है। बताया जा रहा है कि उरगा के सरपंच की शह पर यह कार्य किया जा रहा है। साथ ही यह बात भी सामने आयी है कि सरपंच द्वारा सभी बेजा कब्जाधारियों से रुपये भी वसूले गए हैं। बड़े पैमाने पर हो रहे इस अतिक्रमण की शिकायत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों द्वारा कोरबा तहसीलदार से की गई है। इनका कहना है कि इस अतिक्रमण से सरकार की बेशकीमती जमीन चली जाएगी और आगे चलकर यहां असामाजिक तत्वों का डेरा बन जायेगा। कॉलोनी के लोगों ने मांग की है कि इस अतिक्रमण को तत्काल रोका जाये। इस अतिक्रमण की शिकायत कलेक्टर और मुख्यमंत्री कार्यालय में भी की गई है।

### छुईहापारा में दो दिवसीय संकुल स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न



**हरदीबाजार।** माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा संकुल कटसीरा में दो दिवसीय संकुल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह एवं पढ़ने में रुचि बढ़ने लगता है। इन सब के अलावा वाद विवाद प्रतियोगिता, विभिन्न क्रियाकलाप करवाते रहने के लिए भी कहा तथा माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा के लिए एक बड़ा मंच कार्यक्रम के लिए शीघ्र बनवाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को डॉ प्यारेलाल आदिले, दामोदर राठौर, प्रमोद कुर्रे सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन प्रधानपाठक ब्रम्हा नंद राठौर व शैलेन्द्र राजवाड़े ने किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमोद कुर्रे पूर्व जनपद सदस्य द्वारा किया गया। दो दिवसीय खेलकूद में प्राथमिक स्तर में 50 मीटर दौड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, कबड्डी एवं बोरा दौड़ तथा माध्यमिक स्तर में 100मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिता हुई।

## प्रेस क्लब दीपका ने किया एक शाम भारत के शौर्य के नाम देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन

# दुल्हन चली, बहन चली, मेरे देश की धरती गीतों में झूम उठे नगरवासी



दीपका में गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर ऊर्जा नगर स्टेडियम में प्रेस क्लब दीपका द्वारा देशभक्ति गीतों का सुरीला कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति गीत दुल्हन चली, बहन चली और मेरे देश की धरती के गीतों में कार्यक्रम में उपस्थित दीपकानगरवासी झूम उठे।

कार्यक्रम का प्रारंभ आमंत्रित अतिथियों तथा कलाकारों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। शहीदों को सुर श्रद्धांजलि देते हुए ऐ मेरे वतन के लोगों गीत की श्रीमती अंशु मानिकपुरी ने प्रस्तुति दी। वहीं पीके दत्ता ने राम भजन और होंठों पे सच्चाई रहती है गीतों के साथ सुरमई सांझ के सफ़र की शुरुआत की। मोहम्मद मुकिद ने गंगा तेरा पानी अमृत और आपस में प्रेम करो देशप्रेमियों गीतों के साथ श्रोताओं को मुग्ध कर इस सफ़र को गति प्रदान की। श्रीमती सुमन चौबे और श्रीमती अभिलाषा झा ने एक साथ तेरी मिट्टी में मिल जावां और देश मेरे तेरी शान के सदके गीतों के साथ, श्रोताओं को देशभक्ति से सराबोर कर दिया, उस पर श्री वीरेंद्र राठौर के दुल्हन चली वहन चली और मेरे देश की धरती गीतों ने दर्शकों को नाचने झूमने पर मजबूर कर दिया। कक्षा 11वीं की प्रीतिका मिश्रा और 6वीं की अद्विका जायसवाल के भावुक गीत तेरी मिट्टी में मिल जावां ने सबकी आँखें नम कर दी। प्रेस क्लब के सदस्य राजू प्रजापति ने संदेशे आते हैं गीत से और प्रेसक्लब के सचिव हेमचन्द सोनी ने शहीदों के परिवार की भावनाओं को दर्शाती अपनी स्वरचित कविता के पाठ से इस सफ़र को चरम तक पहुँचा दिया। सभी कलाकारों, प्रेस क्लब के सदस्यों और उपस्थित अतिथियों ने मिलकर दिल दिया है जाँ भी देंगे गीत एक सुर में गा कर इस मनोरम संगीतमयी शाम के सफ़र को अंजाम दिया। प्रेस क्लब दीपका के कार्यकारिणी के इस प्रशंसनीय आयोजन में राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे, पार्षद एवं प्रेस क्लब के संरक्षक सदस्य अरुणीश तिवारी, पार्षद एवं संरक्षक अनूप यादव, मज़दूर यूनियन नेता रेशमलाल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती बुधवारा देवांगन, सृष्टिधर तिवारी, संतोष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### आगामी समय चुनौतियों से परिपूर्ण : डॉ. सचदेव




डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास मनाया गया एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह के साथ किया गया। यह राष्ट्रीय पर्व मुख्य अभियंता डॉ. हेमन्त सचदेव के मुख्य आतिथ्य, कारखाना प्रबंधक संजीव कंसल की अध्यक्षता एवं अति. मुख्य अभियंताओं अंजना कुजुर, राजेश्वरी रावत, आशीष श्रीवास्तव, एलएन सूर्यवंशी एवं प्रेरणा महिला मण्डल की अध्यक्षा सविता सचदेव, उपाध्यक्षा अल्का कंसल, सचिव अनिता टण्डन, सांस्कृतिक सचिव सुनीता शर्मा एवं प्रेरणा महिला मण्डल के पदाधिकारी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. सचदेव के कहा कि सस्ती और सुलभ बिजली के जरिए हम आम आदमी के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हम सभी कार्य कर रहे है। छत्तीसगढ़ में बढ़ रही बिजली की मांग, प्रदेश के तीव्र विकास का सूचक है। प्रदेश के 62 लाख 64 हजार उपभोक्ताओं को निरंतर गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदान करना हमारे लिये गर्व का कारण है। प्रदेश में वर्ष 2023 में विद्युत की अधिकतम मांग 5900 मेगावाट को पूरा करने में सफल रहे जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 अधिक है। उन्होंने कहा कि देश की सभी सभी ताप विद्युत गृहों में द्वितीय स्थान पर तथा राज्य पावर कंपनियों में प्रथम स्थान पर है। यह सम्मान आप सभी के कर्तव्य परायणता एवं उत्कृष्ट व सुसंस्कृत कार्यशैली का सुखद परिणाम है। उन्होंने कहा वित्तीय वर्ष 2023-24 में हमारे संयंत्र की इकाई क्रमांक एक 94.92 एवं इकाई क्रमांक दो 94.25 मिलियन यूनिट इस विद्युत संयंत्र का औसत 94.58 के साथ 3067.673 मिलियन यूनिट का उत्पादन हो चूका है।

### जनता की इच्छाओं और आकांक्षाओं का सम्मान सबसे महत्वपूर्ण

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दीपका के ग्राउंड में विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह ने किया ध्वजारोहण। उन्होंने प्रदेश की जनता को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के अमृत काल में, 75वें गणतंत्र दिवस के रूप में एक सुनहरी कड़ी जुड़ रही है। यह पर्व देश के संविधान की सफलता का सबसे बड़ा पर्व है। इस अवसर पर में महान विभूतियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करते हुए देश को इस गौरवशाली मुकाम पर पहुंचाने वाली सभी विभूतियों को नमन करता हूं। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि देश का संविधान समस्त नागरिकों को सामाजिक-आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार-अभिव्यक्ति-विश्वास- धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता का अधिकार प्रदान करता है। इस तरह लोकतंत्रात्मक गणराज्य के रूप में भारत की पहचान, सफलता और अभूतपूर्व उपलब्धियों का परचम पूरी दुनिया में फहरा रहा है। छात्र-छात्राओं को अपने विद्यार्थी जीवन के बारे में भी बताया उन्होंने कहा कि आज मुझे वह दिन याद आ गए जब मैं इस शाला में पढ़ा करता था। साथी छात्र-छात्राओं समेत शिक्षकों को भी किसी भी समस्या होने पर सीधे संपर्क करने और त्वरित समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया।



### सेजस रजकम्मा में मनाया गया गणतंत्र दिवस



कटघोरा शासकीय आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय रजकम्मा एवं उनके अधीनस्थ सभी संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया। गणतंत्र दिवस आयोजन के कड़ी में ग्राम पंचायत का सामूहिक ध्वजारोहण प्राथमिक शाला रजकम्मा प्रांगण में जनपद सदस्य नीलेश यदु,भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा अहीर, सरपंच गौरमती ध्रुव एवं प्रभारी प्राचार्य पुष्पक साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कृष्णा यदु, नीलेश यदु और गौरमती ध्रुव ने समस्त छात्र-छात्राओं उपस्थित थे। ।माध्यमिक शाला की छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथि देवो भवः परंपरा का निर्वहन किया। प्राथमिक शाला रजकम्मा, कन्या आश्रम रजकम्मा, प्राथमिक शाला चिताघुटरी, माध्यमिक शाला रजकम्मा के नन्हें मुन्नें बच्चों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी, राजस्थानी, कर्मा,सुवा और देशभक्ति गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। सेजस रजकम्मा की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी नृत्य के उपरांत राम प्राण प्रतिष्ठा पर राम, लक्ष्मण और सीता की जीवंत झांकी के साथ सुंदर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। हाई स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थी विक्रम अहीर और चाँदनी को एसईसीएल से चेक और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित होने के उपरांत पंचायत स्तर पर सम्मान किया गया। मंच से विक्रम कश्यप ने चेक से प्राप्त राशि मे से नगद 3 हजार रुपये को विद्यालय विकास के लिए प्रभारी प्राचार्य को सौंपा। कार्यक्रम में उपसरपंच सुमित्रा धीरहे, हेमलाल यदु, रितु शर्मा, रमेश अहीर, गंगा प्रसाद, शिवनारायण, कुमुदिनी राम, कल्पना कुजुर, कमलेश्वरी साहू, कुर्रे मेम, अर्चना किंडो, प्रभा लकरा, योगिता चौहान, नीता खांडे, किरण मरकाम, संतोष वर्मा, मनोरमा रात्रे, लोकेश्वरी वैष्णव, भोला अहीर, छबिलाल, राकेश शिवालय, बन्धनराम धीरहे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बिंझरा माध्यमिक शाला में मनाया गया गणतंत्र दिवस

मिडिल स्कूल बिंझरा में गणतंत्र दिवस मनाया गया, विधायक प्रतिनिधि अरुण सिंह ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। इस अवसर पर प्रधान पाठक सर्वेश सोनी ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिक्षक शिक्षिकाओं की कमी बताई व निःशुल्क सेवाभावी शिक्षकीय कार्य में सहयोग दे रहे संस्था में ही अध्ययन कर चुके व शिक्षित युवक युवतियों रवि महंत, योगराज बरेठ, कुमारी गंगा कंवर, देव प्रकाश महंत, कुमारी अनुराधा चौहान के यथासंभव अध्यापन सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा नियमित शासकीय शिक्षक शिक्षिकाओं विशेषकर गणित, अंग्रेजी व कला विषयों के शिक्षकों की आवश्यकता बताई, विधायक प्रतिनिधि श्री अरुण सिंह ने आवश्यक पहल का विश्वास दिलाया व ग्राम पंचायत दुरेना के समस्त विद्यालयो के लिए कार्य योजना तैयार करने का मंतव्य दिया साथ ही हाईस्कूल विजयनगर का हायर सेकंडरी में उन्नयन पर प्रभावी प्रयास का विश्वास दिलाया,इसके पूर्व पूर्व जनपद सदस्य श्री भैयाराम कंवर ने प्राथमिक विद्यालय बिंझरा में ध्वजारोहण कर स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं की भारी कमी हेतु उपस्थित जनप्रतिनिधियों अरूण सिंह , रनसाय चौहान, कन्हैया यादव, बजरंग चौहान के साथ उपस्थित जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया, हाईस्कूल व मिडिल स्कूल विजयनगर परिसर में जनपद सदस्य श्रीमती शैलबाई कंवर ने ध्वजारोहण किया व प्राथमिक शाला बिंझरा के बालक बालिकाओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक सर्वेश सोनी, श्रीमती अनिता पटेल, श्रीमती वीणा पाण्डेय, श्रीमती पुष्प लता महेश, धजाराम चौहान, श्रीमती कृष्णा सिदार, श्रीमती संध्या रानी ठाकुर, श्रीमती भीमेश्वरी राठौर, कौशल बंजारे, शिवपाल चौहान, विजय प्रताप सिंह, लगनदास महंत, लक्ष्मण दास, प्रहलाद सिंह, चंद्र भवन सिंह, धरमसिंह कंवर आदि उपस्थित थे।



### प्रेस क्लब हरदीबाजार में पूर्व विधायक ने किया ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब हरदीबाजार परिसर में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, श्रीराम चंद्र जी व मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है कि हरदी बाजार ग्रामीण अंचल क्षेत्र में इस तरह से प्रेस क्लब को संचालन लगातार 20 वर्षों से किया जा रहा है और आने वाले समय में अच्छा से अच्छा कार्यक्रम होना है प्रेस क्लब संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी सदस्य बधाई के पात्र है, तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब संरक्षक बाबूराम राठौर, जगदीश अग्रवाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजाराम राठौर, उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, सचिव निलेंद्र राठौर, सुरेंद्र राठौर, प्रमोद राठौर, नवल मसीह, ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला, रमेश अहीर, बबलू राठौर, शत्रुघन यादव, हरिशंकर पटेल, मुकेश बर्मन, रामलाल कंवर, तरुण राठौर, आयुष राठौर उपस्थित रहे।



### बच्चों की निकल रही प्रभातफेरी का तहसीलदार ने किया स्वागत

बरपाली में गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया सुबह स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। तहसील कार्यालय बरपाली के सामने से प्रभात फेरी गुजर रही थी तब तहसीलदार राहुल पांडेय ने अपने स्टाप के साथ निकलकर स्वागत किया। सरपंच सुमित्रा बिंझवार, जनपद सदस्य राजू खत्री एवं अन्य पंचों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया तथा तहसील कार्यालय बरपाली में तहसीलदार राहुल पांडेय, पंचायत भवन में सुमित्रा बिंझवार, आंगनबाड़ी केंद्र में धनकुंवर कैवर्त एवं स्टेट बैंक में शाखा प्रबंधक श्री बघेल एवं जिला सहकारी बैंक शाखा में प्रबंधक मनोज तिवारी तथा हायर सेकेण्डरी प्राचार्य आरके राठौर, प्राथमिक विद्यालय में अजय सोनी, माध्यमिक शाला में जनपद सदस्य राजू खत्री, सोसाइटी में राज कुमार साहू, सरस्वती शिशु मंदिर में श्री, शुक्ला आश्रम शाला में संदीप शर्मा, उप स्वास्थ्य केंद्र में किशन अग्रवाल, आयुर्वेद अस्पताल में उदय शर्मा ने ध्वजारोहण किया।



### रविन्द्र सांस्कृतिक भवन में मना गणतंत्र दिवस




रविन्द्र सांस्कृतिक भवन कोरबा पश्चिम में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सीनियर क्लब पश्चिम के निर्देशन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालोनी के बच्चों ने सामूहिक नृत्य एवं इंद्रधनुष की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा मुख्य अभियंता एचटीपीएस एवं श्रीमती निहारिका शर्मा अध्यक्ष संकल्प महिला मंडल थे। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पाटले, पीके स्वैन, हेमंत सिंह, एमके गुप्ता, श्री पंड्या एवं संकल्प महिला मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती पाटले, रूकमणी सिंह, मिनती स्वैन, कविता पंड्या, सीनियर क्लब कमेटी के सचिव मनीष श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

# बेजाकब्जा करने 52 नग पेड़ों की अवैध कटाई, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


पकड़े गए दोनों आरोपी।

कटघोरा वनमण्डल के गुरसियां वन परिक्षेत्र में की गई सर्च कार्यवाही के दौरान विभिन्न प्रजातियों की 52 नग पेड़ों की कटाई का मामला प्रकाश में आया है। मामले में ग्राम रावणभांठा निवासी वीर साय धनुवार एवं इतवार सिंह बिंझवार को वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को 15 दिन के रिमांड पर वन विभाग को सौंपा गया है।

वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत को मुखबीर से गुरसियां वन परिक्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई की सूचना मिली थी जिस पर उन्होंने उप वनमंडलाधिकारी संजय त्रिपाठी, वन परिक्षेत्र अधिकारी एतमानगर देवदत्ता खांडे के साथ वन कर्मियों की एक टीम बनाकर संबंधित वन परिक्षेत्र के जंगल में सर्च करने का निर्देश दिया। सर्च के दौरान वन अधिकारियों ने पाया कि कक्ष क्रमांक पी 457 में औंराई नाला एवं पटपरपानी नामक जगह पर अतिक्रमण करने के उद्देश्य से ग्राम रावणभांठा निवासी वीर साय धनुवार एवं इतवार सिह बिंझवार द्वारा 52 नग साल एवं अन्य प्रजाति के वृक्षों की कटाई कर दी गई है। जिससे शासन को लगभग 1 लाख रुपए की क्षति का अनुमान है। वन अधिनियम 1927 की धारा 52, 55 एवं 33 (1) क. ग. ज एवं लोक संपत्ति निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 (1) के तहत वीर साय धनुवार एवं इतवार सिंह बिंझवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों आरोपियों को 15 दिन की रिमांड पर वन विभाग को सौंपा गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जंगल को आग...

पेंट कराया जा रहा है। जिसमें स्लोगन के माध्यम से लोगों को जंगल की खासियत बताई जा रही है। साथ ही वॉल पेंट में बीट प्रभारी का मोबाइल नंबर लिखकर सार्वजनिक किया जा रहा है ताकि आगजनी की घटना होने पर बीट प्रभारियों को तत्काल इसकी सूचना मिल सके और आगजनी की घटना को रोका जा सके। साथ ही वन प्रबंधन समिति के सभी लोगों को जन जागरूकता अभियान के माध्यम सेजागरूक किया जा रहा है और जंगल में उन्हें किस तरह का लाभ हो रहा है और जंगल में आगजनी की घटना से उन्हें क्या नुकसान होता है यह भी बताया जा रहा है।

### जिले के सात ...

के अनुसार 15 सौ से 2 हजार की आबादी वाले क्षेत्र में उप डाकघर की नई शाखाएं खोली जा सकती हैं। अपने सर्वे में डाक विभाग ने इस मापदंड के तहत सर्वे ऐसे क्षेत्रों का चयन किया जिनकी आबादी 15 सौ से 2 हजार के बीच है और जहां उप डाकघर की नई शाखा खोलने से व्यवसाय बढ़ने की पूरी संभावना है। डाक विभाग ने अपने सर्वे के तहत चयनित क्षेत्र जिसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्र दोनों शामिल है। प्रस्ताव विभाग को भेजा था जहां से उसे दिसंबर महीने में स्वीकृति मिली और कुछ क्षेत्रों में शाखाएं प्रारंभ हो गई हैं। विभाग के अनुसार जनवरी महीने तक सभी चयनित क्षेत्रों में शाखाएं शुरु हो जाएंगी।

### बहनों के साथ...

हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। मामले में आरोपियों को सजा दिलाने में शासकीय अभिभाषक राकेश जायसवाल ने पैरवी की।

### पहले बेची ...

हुए हैं। जिसकी वजह से अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। जमीन मालिकों को जब समतलीकरण कार्य और पेड़ो की कटाई की जानकारी हुई तो उनके द्वारा इसकी सूचना संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी गई है।विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही की बात कही है अब देखना यह है कि वन विभाग और तहसील कार्यालय द्वारा दोषियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की जाती है।जमीन मालिकों का कहना है कि अगर संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो इसे लेकर पोंडी एसडीएम और कलेक्टर से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई जायेगी।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरुष मिले 100% गारंटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिफलिस, गनोरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय :- डॉ. ममता भोजवानी द्वितीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकारण सक्ती, जिला सक्ती (सक्ती)**

प्रोसेस नंबर 125/24
प्रकरण क्र. एम.ए.सी.टी. 46/2023
पेशी ता.: 21.02.2024

रामलाल वगैरह
बनाम
गौतम धीवर वगैरह
बनाम,
1- गौतम धीवर पिता राधेलाल उम्र 30 साल, निवासी ओडेकेरा तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.)
2- रामकुमार भारद्वाज पिता पुनीत लाल उम्र 45 साल, निवासी स्कूलपारा रामपुर कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)
3- शाखा प्रबंधक मैग्मा एच. डी. आई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पुजारी चेम्बर प्रथम मंजिल ए ब्लाक धरमनगर पचपेड़ी चौंक रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

आवेदकगण 1. रामलाल पिता दयाराम उम्र 55 साल, 2. चंद्रिका बाई पति रामलाल उम्र 50 साल, 3. शंकर पिता रामलाल उम्र 25 साल, सभी निवासी ग्राम ओडेकेरा तहसील जैजैपुर, जिला सक्की (छ.ग.) ने एम.ए.सी.टी. प्रकरण क्रमोंक 46/2023 के तहत के पक्षकार रामलाल वगै बनाम गौतम धीवर वर्ग, विरूद्ध प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसमें अनावेदक क्रमांक 02 की उपस्थिति नहीं हो पायी है। जिसके कारण आवेदकगण द्वारा समाचार पत्र में उपस्थिति हेतु आवेदन किया है। जिसकी पेशी तारीख 21/02/2024 है। अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि यदि आप उपर बतायी गयी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजीर) नहीं होगें, तो अपील की सुनवाई और उसका विधि अनुसार निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
नोटः- यदि नियत तिथि पर सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी। आज दिनांक 24/01/2024 को अदालत की मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

(डॉ ममता भोजवानी)
द्वितीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सक्ति, जिला सक्ति (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने जनचौपाल में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनचौपाल में वनाधिकार पट्टा बनाने, पेंशन, सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, उपचार हेतु आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास, जाति प्रमाण पत्र बनाने आदि के आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचौपाल में ना आना पड़े। जनचौपाल में दूरस्थ क्षेत्रों से अपनी समस्या लेकर पहुंचने वाले अनेक आवेदकों से कलेक्टर ने कहा कि जिला मुख्यालय आने से पूर्व एक बार संबंधित विभाग प्रमुख, क्षेत्र के जनपद सीईओ, तहसीलदार और एसडीएम को अपना आवेदन अवश्य दें। वहां कार्यवाही नहीं होने पर कलेक्टर जनचौपाल में आएं, ताकि आवागमन में व्यर्थ पैसे बर्बाद न करना पड़े।

### नवोदय विद्यालय में चयन परीक्षा 10 फरवरी

**कोरबा।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा कटघोरा में सत्र 2024 में कक्षा 9वीं व 11वीं में रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु 10 फरवरी की सुबह 10 बजे चयन परीक्षा आयोजित की गई है। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा चयन परीक्षा के लिए आवेदन फार्म भरा गया है वे विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थी के रजिस्ट्रेशन नंबर व जन्मतिथि क्रमशः आईडी व पासवर्ड रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थियों द्वारा 9827409245 व 810721886 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मायुमं के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदान की ऑक्सीजन कनस्ट्रेटर मशीन



**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल द्वारा दर्री जमनीपाली मारवाड़ी युवा मंच की दोनो शाखाओं की बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल द्वारा प्रांत की और दोनो शाखाओं को क्षेत्र में निःशुल्क सेवा के लिए ऑक्सीजन मशीन प्रदान की। इस मशीन को कोई भी जरूरतमंद मरीज़ आवश्यकता अनुसार मंच माध्यम से निःशुल्क ले सकता है। साथ ही साथ दोनो शाखाओं से मंच की गतिविधियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। मनीष अग्रवाल द्वारा मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली के कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल एवं मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा की अध्यक्ष वर्षा माहेश्वरी को उनके मंच के प्रति सजगता के लिए प्रांतीय अध्यक्षीय पिन लगाकर सम्मानित किया। मारवाड़ी युवा मंच दर्री के अध्यक्ष राकेश गोयल ने मंच द्वारा आगामी होने वाले जनहित कार्यों की जानकारी प्रांतीय अध्यक्ष को प्रदान की। इस अवसर छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल,प्रांतीय संयोजक अंजय अग्रवाल,प्रांतीय चेयरमैन आशीष अग्रवाल,प्रांतीय सहसंयोजक विकास अग्रवाल,शाखा अध्यक्ष राकेश गोयल,सचिव सैम्पी अग्रवाल, उपाध्यक्ष द्वय मधुर अग्रवाल, जागृति शाखा से अध्यक्ष वर्षा माहेश्वरी, सचिव शालू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुस्कान अग्रवाल, पूर्व सचिव संगीता पालीवाल,सदस्य नीलम अग्रवाल उपस्थित रहे।

## मेजबान छग की टीम रही दूसरे स्थान पर

# राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रहा दिल्ली के खिलाड़ियों का दबदबा



विजयी दिल्ली टीम के खिलाड़ी।



दिल्ली और आंध्रप्रदेश के बीच खेला गया मैच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के चार खेल मैदानों में आयोजित हो रही 67वीं राष्ट्रीय बेसबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन राजधानी दिल्ली के खिलाड़ी अपने टीम को वरियता क्रम में पहले स्थान पर लाकर अन्य राज्यों की टीम पर छाये रहे। मेजबान छग को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता 2 फरवरी तक आयोजित की जाएगी जिसमें देशभर के 15 राज्यों के 12 सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

शालेय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रविवार से शहर के सीएसईबी फूटबाल ग्राउंड में शुरु हुआ है। 4 खेल मैदानों को प्रतियोगिता को संपन्न कराने चयनित किया गया है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सभी मैदानों में मैच खेले गए। बेसबाल प्रतियोगिता का आयोजन जिले में पहली बार हो रहा है। हालांकि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मेजबान छग की टीम में जिले से कोई खिलाड़ी नहीं हैं। जबकि बिलासपुर, रायपुर और भिलाई के खिलाड़ी मेजबान टीम में अपनी जगह बनाई है। प्रतियोगिता को लेकर विभिन्न राज्यों से अपनी अपनी टीम के साथ 2 सौ से अधिक कोच और मैनेजर पहुंचे हुए हैं। इनके साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के रैफरी मैच को संपन्न करा रहे हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 14 और 19 वर्ष के बालक बालिका भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों के लिए नेशनल टीम के द्वारा भोजन व्यवस्था के लिए मेन्यू चार्ट जारी किया गया है। जिला शिक्षा विभाग को अन्य राज्यों से आये हुए खिलाड़ियों के लिए मेन्यू चार्ट के अनुसार ही भोजन की व्यवस्था कराने के निर्देश कलेक्टर के द्वारा दिए गए हैं। बाहर से आये हुए खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था निजी स्कूलों में की गई है।

### खास बात

- शहर के चार मैदानों में चल रही 67वीं राष्ट्रीय बेसबाल प्रतियोगिता

### पहली बार आयोजित हो रही है बेसबॉल प्रतियोगिता

अब तक जिले में टीम गेम और एथलेटिक्स जैसे खेल के राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं जिले में आयोजित हो चुकी हैं। जिनमें हॉकी, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, वॉलीबाल सहित मैराथन दौड़, गोला फेंक और ऊंची कूद जैसी प्रतियोगिताएं संपन्न हुई हैं। बेसबॉल खेल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जिले में पहली बार आयोजित हो रही है। जिसे देखने के लिए सभी चारों मैंदान में शहर के खेल प्रेमी भी पहुंच रहे हैं। जिले में बेसबॉल के सर्वाधिक खिलाड़ी कटघोरा विकासखंड में आते हैं और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले से केवल कटघोरा क्षेत्र के खिलाड़ी ही भाग लेते आये हैं। शेष अन्य विकासखंड से बेसबॉल के प्रतियोगी सामने नहीं आ रहे हैं।

### इनके बीच हुआ मुकाबला

0 बालक 19 वर्ष आंध्रप्रदेश विरुद्ध छग, विजेता छग
0 बालक 19 वर्ष तमिलनाडु विरुद्ध दिल्ली, विजेता दिल्ली
0 बालक 14 वर्ष हरियाणा विरुद्ध तमिलनाडु, विजेता हरियाणा
0 बालक 14 वर्ष गुजरात विरुद्ध मध्यप्रदेश, विजेता मध्यप्रदेश
0 बालक 14 वर्ष मध्यप्रदेश विरुद्ध तेलंगाना, विजेता मध्यप्रदेश
0 बालक 14 वर्ष आंध्रप्रदेश विरुद्ध सीबीएसई, विजेता सीबीएसई
0 बालक 14 वर्ष छत्तीसगढ़ विरुद्ध चंडीगढ़, विजतो छत्तीसगढ़
0 बालक 14 वर्ष जम्मू काश्मिर विरुद्ध सीबीएसई, विजेता सीबीएसई
0 बालक 14 वर्ष दिल्ली विरुद्ध चंडीगढ़, विजेता दिल्ली
0 बालक 14 वर्ष हरियाणा विरुद्ध विद्या भारती, विजेता हरियाणा
0 बालिका 14 वर्ष मध्यप्रदेश विरुद्ध आंध्रप्रदेश, विजेता मध्यप्रदेश
0 बालिका 14 वर्ष दिल्ली विरुद्ध महाराष्ट्र, विजेता दिल्ली
0 बालिका 14 वर्ष छग विरुद्ध गुजरात, विजेता छत्तीसगढ़
0 बालिका 14 वर्ष चंडीगढ़ विरुद्ध तमिलनाडु, विजेता चंडीगढ़
0 बालिका 14 वर्ष दिल्ली विरुद्ध जम्मू काश्मिर, विजेता दिल्ली
0 बालिका 19 वर्ष दिल्ली विरुद्ध केरल, विजेता दिल्ली
0 बालिका 19 वर्ष चंडीगढ़ विरुद्ध हरियाणा, विजेता चंडीगढ़
0 बालिका 19 वर्ष गुजरात विरुद्ध दिल्ली, विजेता दिल्ली
0 बालिका 19 वर्ष महाराष्ट्र विरुद्ध जम्मू काश्मिर, विजेता महाराष्ट्र
0 बालिका 19 वर्ष तमिलनाडु विरुद्ध तेलंगाना, विजेता तेलंगाना
0 बालिका 19 वर्ष आंध्रप्रदेश विरुद्ध जम्मू काश्मिर, विजेता आंध्रप्रदेश
0 बालिका 19 वर्ष तमिलनाडु विरुद्ध छत्तीसगढ़, विजेता छत्तीसगढ़



कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन।

# भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता ही मेरा परिवार: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वेसर मंदिर में भाजपा कोरबा मण्डल द्वारा आयोजित वनभोज में बतौर मुख्य अथिति के रुप में उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कोरबा मंडल के एक –एक कार्यकर्ता का आभार जताते हुए कहा की चुनाव के दौरान आप सभी ने कड़ी मेहनत की। धनबल से लड़ने के लिए आप सभी रात दिन प्रयास मे लगे रहे। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कोरबा मंडल के हर बूथ, वार्ड से मिली बढ़त का ही नतीजा रहा की इतनी बड़ी जीत मिली। इसका पूरा श्रेय आप सभी को जाता है। उन्होंने कहा की हम सब मिलकर जनता से किए वादे को निभाएंगे। इस अवसर पर भाजपा के कोरबा मंडल अध्यक्ष परबिंदर सिंह, पूर्व महामंत्री नवीन पटेल, विकास अग्रवाल, पार्षद सुफल दास, धनश्री साहू, योगेश मिश्रा समेत अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री श्री देवांगन ने सभी कार्यकताओं को कहा की साय सरकार अपने वादों पर अडिग है। महतारी वंदन योजना की राशि बहुत जल्द माताओं और बहनों को मिलेगी। मार्च महीने में एक साथ तीन महीने की राशि का भुगतान होगा। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया जल्द शुरु होगी।

### शिक्षकों की समस्या होगी दूर

शिक्षकों की हर समस्या होगी दूर सियान सदन में छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में शामिल हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा की शिक्षको की हर समस्या का समाधान किया जायगा। पद्दोनति, वेतनमान की जितनी भी शिकायते है उसके लिए सरकार बेहद गंभीर है। बहुत जल्द शिक्षकों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर विवेक रंजन महतो, सोनू भाटिया, शिक्षक संघ के गिरीश केशकर समेत बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### निषाद समाज के लिए 30 लाख की स्वीकृति

महाराजा श्री गुहा निषादराज जयंती पर निषाद समाज द्वारा बुधवारी में आयोजित स्नेह सम्मेलन में वाणिज्य, श्रम और उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने किचन शेड और बाउंड्रीवॉल के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा की चुनाव में पूरे निषाद समाज का बहुत सहयोग मिला। मंत्री श्री देवांगन ने समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित भी किया।इस अवसर पर समाज के एमआर निषाद, मनोहर लाल निषाद समेत अधिक संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# युवक पर ब्लेड से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युवक पर ब्लेड से हमला करने वाले आरोपी को मानिकपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की कार्यवाही कर रही है। आरोपी ने रविवार को इस घटना को अंजाम दिया था।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागर पारा गुरूघासीदास चौक निवासी कन्हैया रात्रे मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार आनंदम अपार्टमेंट के पास चारपहिया वाहन छोटा हाथी का मिस्त्री का कार्य करता है। 27 जनवरी की दोपहर कन्हैया खाना खाने घर गया था खाना खाकर वापस लगभग 4.30 बजे के आसपास अपने दुकान आया तो देखा कि वहां पर संजय सोनवानी गाली गलौच कर रहा था। जिसे मना करने पर उसके द्वारा कन्हैया से गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया एवं पाकेट से ब्लेड निकाल कर कन्हैया को मारा जिससे कन्हैया के चेहरे में चोट लगी है। कन्हैया की रिपोर्ट पर पुलिस ने संजय सोनवानी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर संजय सोनवानी की खोजबीन कर रही थी जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# भूधसान प्रभावितों को तीन साल से नहीं मिली फसल क्षतिपूर्ति : माकपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान से प्रभावित किसानों को विगत तीन वर्षों का फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रभावित किसानों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में एसईसीएल के कोरबा महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर 9 फरवरी को कोरबा मुख्यालय घेराव का नोटिस दिया है। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से माकपा जिला सचिव प्रशांत झा भू विस्थापित संघ के नेता रेशम यादव,दामोदर श्याम के साथ प्रभावित किसान महिपाल सिंह कंवर,गणेश राम चौहान,सावित्री चौहान,मोहर दास, वेद कुंवर, मिथला बाई, अवधा बाई,तुलसी बाई,राम बाई,तन्हाई सिंह,चमरा राम,हरी नारायण उपस्थित थे।

### खास बात

- 9 फरवरी को एसईसीएल कोरबा मुख्यालय का घेराव

माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने बताया कि बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान के कारण सुराकछार बस्ती के किसानों की भूमि वर्ष 2009 से कृषि कार्य करने योग्य नहीं रह गई है। इससे किसानों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए वर्ष 2019-20 तक का फसल क्षतिपूर्ति व मुआवजा एसईसीएल प्रबंधन को देना पड़ा है।लेकिन इसके बाद वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 तक का तीन वर्षों का मुआवजा अभी तक लंबित है।



ज्ञापन सौंपते माकपा के पदाधिकारी।

अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा द्वारा किसानों को हुए नुकसान का आंकलन कर क्षतिपूर्ति व मुआवजा देने के लिए एसईसीएल कोरबा प्रबंधन को पत्र देने के बाद भी किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। 2 जनवरी को कोरबा मुख्यालय घेराव की चेतावनी के बाद घेराव से पहले बैठक कर जनवरी माह में फसल का क्षतिपूर्ति व मुआवजा देने का आश्वाशन प्रबंधन ने दिया था लेकिन प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति व मुआवजा नहीं मिला जिसकी वजह से किसानों में काफी आक्रोश है। कोरबा महाप्रबंधक ने फरवरी में मुआवजा भुगतान की आश्वाशन किसानों को दिया है लेकिन किसानों को एसईसीएल के आश्वाशन पर भरोसा नहीं है। माकपा प्रतिनिधिमंडल के साथ उपस्थित किसानों ने महाप्रबंधक से कहा कि 10 दिनों में किसानों को हुए नुकसान का क्षतिपूर्ति व मुआवजा नहीं मिला तो 9 फरवरी को एसईसीएल कोरबा मुख्यालय का घेराव किया जाएगा।

# पिकनिक से लौट रहे युवक की मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बेला जलाशय में पिकनिक मनाने गए युवक का शव अगले दिन सड़क किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक की हत्या हुई है या आत्महत्या यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा।

ग्राम अंडी पोस्ट किरारी जिला सक्ती निवासी प्रताप खांडे उम्र लगभग 27 वर्ष पिता फोटो लाल बालको प्लांट के सिमेश कंपनी में स्विच इलेक्ट्रिशियन के पद पर बीते लगभग 10 माह से कार्यरत था। रविवार को वह एमआरएसडीएस कंपनी की टीम के साथ अपनी बाइक सीजी 11 एवाय 6885 में पिकनिक मनाने बेला जलाशय गया हुआ था। अगले दिन तक जब वह वापस अपने निवास पर नहीं पहुंचा तो उसके परिचित उसे ढूंढने फिर से पिकनिक क्षेत्र पहुंचे तो ग्राम दोंदरो के समीप रास्ते में वह बाइक सहित गिरा हुआ मृत अवस्था में मिला। घटना की सूचना पर बालको पुलिस मौके पर पहुंची, शव का मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### अधेड़ ने लगाई फांसी

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनपुरी निवासी शनिराम खड़िया 50 वर्ष पिता रामसाय खड़िया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि मृतक शनिराम खड़िया की मानसिक हालत ठीक नहीं थी जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है।




# इस बार 95 केन्द्रों में ली जाएगी बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग बोर्ड परीक्षा की तैयारी जोरों पर है। शासन ने इस बार कोरबा जिले में दो नए परीक्षा केंद्र को मंजूरी दी है। इसी के साथ परीक्षा केंद्रों की संख्या 93 से बढक़र 95 हो गई है। इन परीक्षा केंद्रों में इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में शामिल होने के लिए 24 हजार 833 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है।

### खास बात

- जिले में दो नए परीक्षा केन्द्र को मिली है मंजूरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षा की समय सारणी पहले ही घोषित कर दी है। इसी के साथ विभाग तैयारी में जुट गया हैं। इस बीच शासन ने कोरबा जिले के लिए दो नए परीक्षा केंद्रों को मंजूरी दी है। कोरबा के प्रयास और पाली क्षेत्र के नोनबिर्रा के स्कूल को नया परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिले में अब परीक्षा केंद्रों की संख्या बढक़र 95 हो गई है। इससे संबंधित ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। छात्र-छात्राओं को परीक्षा के दौरान आवाजाही में राहत होगी। बताया जा रहा है कि इस बार छग बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा में शामिल होने के लिए 10 हजार 564 और कक्षा 12वीं के लिए 14 हजार 269 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा में लगभग डेढ़ माह ही शेष रह गया है। जिला शिक्षा विभाग के अफसरों का दावा है कि शिक्षकों की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है।




फाइल फोटो

### पिछले साल की अपेक्षा कम संख्या

पिछले साल की अपेक्षा इस बार परीक्षार्थियों की संख्या में कमी आई है। पिछले साल कक्षा 10वीं की परीक्षा में शामिल होने के लिए 14 हजार 580 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। 12वीं की परीक्षा के लिए 14 हजार 394 विद्यार्थियों ने फॉर्म जमा किया था। पिछले साल की तुलना में तो इस बार कक्षा 10वीं की परीक्षा देने के लिए 311 विद्यार्थियों की कमी आई है। कक्षा 12वीं के लिए तीन हजार 830 परीक्षार्थियों की रुचि कम हुई है।

### परीक्षा की तैयारियों में जुटे विद्यार्थी

छग बोर्ड के हाई स्कूल और हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर उत्साह है। परीक्षार्थियों ने तैयारी तेज कर दी है। वहीं शिक्षकों की ओर से कमजोर विद्यार्थियों के साथ अन्य छात्र-छात्राओं को बेहतर अंक हासिल करने के लिए विभिन्न विषयों के पाठ?क्रमों का पुर्न अध्ययन, लेखन शैली, सावधानी सहित अन्य गुर सिखाए जा रहे हैं। जिससे विद्यार्थी अधिक से अधिक अंक हासिल कर सके। हांलाकि परीक्षा की तिथि होने के साथ वे परीक्षार्थी परेशान हैं जिन्होंने साल भर तक गंभीरता से पढ़ाई-लिखाई नहीं की है।

### शहीदों की स्मृति में रखा जाएगा मौन धारण

**कोरबा।** स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में में 30 जनवरी पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में 2 मिनट का मौन धारण रखा जाएगा। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर मौन धारण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।




